छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

नवंबर-दिसंबर 2019 ■ वर्ष-16

उम्मीदों का दामन
थाम रहे हो,
तो हौसला कायम
रखना...

क्योंकि

जब नाकामियां
चरम पे हो, तो
कामयाबी बेहद
करीब होती है...

## अलविदा 2019
## स्वागत
## 2020

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

नवंबर-दिसंबर 2019 ■ वर्ष-16

## संरक्षक



**श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला**
अध्यक्ष



**श्री मो. कैसर अब्दुलहक (IAS)**
प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी)



**श्री अशोक कुमार**
प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन कंपनी)



**श्री एन.के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक (जनरेशन कंपनी)

**संपादक : संकल्प**

**विजय कुमार मिश्रा**

अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कं. मर्या., डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़

e-mail : vijay.mishra361@gmail.com



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | दिसंबर 2019 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3080 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3224.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1864.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 120 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 12648 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1278 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 22394 स. कि.मी. |
| 11/04 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 173858 नग |
| 11 केव्ही लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 112255 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 191190 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 39101 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या* | 73369 | 436947 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या* | 630389 | 2014731 |

*प्रावधिक

छायाकार : संजय टेम्बे

सहयोग : जाबिर मोहम्मद कुरैशी

# चेयरमेन श्री शुक्ला की अध्यक्षता में डब्ल्यूआरपीसी की 39वीं बैठक संपन्न





वेस्टर्न रिजन पावर कमेटी (डब्ल्यूआरपीसी) की 39वीं बैठक 16-17 दिसंबर 2019 को सिलवासा (दादर, नगर-हवेली) में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पावर कंपनीज के चेयरमेन श्री शैलेंद्र कुमार शुक्ला ने की। साथ ही टेक्निकल को-आर्डिनेशन कमेटी (टीसीसी) के बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद अब्दुल कैसर हक ने की।

बैठक में सभी राज्यों में बिजली की मांग और आपूर्ति की योजना तैयार की गई। इसमें यूनिफाइड नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई। हर तीन महीने के अन्तराल में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होने वाली इस बैठक में सभी डब्ल्यूआरपीसी के राज्य, पीजीसीआईएल, एनटीपीसी, डब्ल्यूआरपीसी, डब्ल्यूआरएलडीसी, सीईए, एनएलडीसी तथा नामित आईपीपी के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी के ईडी श्री एनके बिजौरा तथा सीई श्री एमएच प्रसाद भी शामिल हुए।

बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी तथा डब्लू आर पी सी के चेयरमेन श्री शुक्ला ने एमओपी (मिनिस्टर आफ पॉवर) के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कई उपाय भी साझा किये। उन्होंने रिन्यूएबल एनर्जी की उपादेयता तथा भविष्य की मांग पर विस्तारपूर्वक विचार व्यक्त किये। इस विषय पर उनकी गिनती राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों में होती हैं।

विदित हो कि डब्ल्यूआरपीसी की मीटिंग में सब-कमेटी प्रोटेक्शन कमेटी, कम्यूनिकेशन कमेटी, कमर्शियल कमेटी समेत अन्य समितियों की चर्चा उपरान्त विद्युत विषयक प्रस्ताव तैयार किये जाते हैं। जिन पर पहले टेक्निकल को-आर्डिनेशन कमेटी (टीसीसी) अनुशंसा करती है, जिसके बाद डब्ल्यूआरपीसी की बैठक में इन प्रस्तावों का अनुमोदन किया जाता है।

# मैनपुर के ग्राम बहालपारा में पहुंची बिजली



मैनपुर के ग्राम पंचायत सरनाबहाल के ग्राम बहालपारा में बिजली पहुंचाने में बड़ी कामयाबी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को मिली। इस संबंध में मैनपुर के सहायक अभियंता श्री व्हीके तिवारी ने जानकारी दी कि बहालपारा में नये बिजली के खम्भे और ट्रांसफार्मर की स्थापना की गई जिससे यहां निवासरत ग्रामीणों के घर बिजली से रौशन हुये। यहां निवासरत कुमलेराम, डमरूधर, धनुराम, चैनुराम रावत और मीना बाई ने बताया कि एक लम्बे समय से बिजली की मांग हमारे द्वारा की जा रही थी, जिसे पूरा करके शासन प्रशासन एवं पॉवर कंपनी ने हमारी जिंदगी में खुशियां के रंग भर दिये हैं।

# दुर्ग में संविधान प्रस्तावना का सामूहिक पठन



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रागंण में संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता की शपथ दिलाई।

# पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार द्वारा पदभार ग्रहण

**छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक पद का पदभार श्री अशोक कुमार ने 05 दिसंबर को कंपनी मुख्यालय सेवाभवन डंगनिया में ग्रहण किया। नई पदस्थापना के पूर्व आप दुर्ग क्षेत्र में कार्यपालक निदेशक के पद पर सेवारत थे।**



*एमडी श्री हक से बधाई लेते हुए एमडी श्री अशोक कुमार (बाएं)*

कंपनी मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने के उपरांत पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला, प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक एवं अन्य उच्चाधिकारियों तथा कर्मचारियों, श्रमिक संघ/संगठनों के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ प्रबंध निदेशक को बधाई एवं सफलतम कार्यकाल के लिए शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर नवनियुक्त प्रबंध निदेशक श्री कुमार ने राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ प्रबंध निदेशक का दायित्व सौंपा गया है उसे निष्ठापूर्वक पूर्ण करने सदैव प्रयासरत रहेंगे। छत्तीसगढ़ शासन की रीति-नीति के अनुरूप पॉवर फार ऑल के लक्ष्य को अर्जित करने हेतु पारेषण प्रणाली को उन्नत एवं विस्तारित करने का कार्य सहित छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर जीरो पॉवर कट स्टेट के रूप में मिली पहचान को सतत बनाये रखना प्राथमिकता होगी।

**पूर्व के प्रबंध निदेशक**

| नाम | कार्यकाल | |
|---|---|---|
| श्री एस.एन. चौहान | 01.01.2009 | 30.09.2010 |
| श्री जी.एस. कलसी | 30.09.2010 | 28.02.2013 |
| श्री विजय सिंह | 28.02.2013 | 31.05.2017 |
| श्रीमती तृप्ति सिन्हा | 01.06.2017 | 04.12.2019 |

## एमडी ट्रांसमिशन श्री कुमार का जीवन परिचय


छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के नवपदस्थ प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार जी का जन्म 10 जनवरी 1958 को बिलग्राम, जिला हरदोई (उप्र) में हुआ। अपनी माता श्रीमती विद्या देवी एवं पिता श्री श्याम बिहारी लाल की प्रेरणा से आपने वर्ष 1974 में बिलग्राम से इन्टर मीडियेट तथा वर्ष 1978 में कानपुर (एच.बी.टी. आई.) से बी.टेक इलेक्ट्रिकल की उपाधि प्राप्त की। विद्या अध्ययन के उपरांत फरवरी 1979 में सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के पद पर मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में नरसिंहपुर से आपने अपने कैरियर का शुभारंभ किया। वर्ष 1980 में सहायक अभियंता के नियमित पद पर आप नागोद में पदस्थ किये गये। इस पद पर आपने सतना, बोड़हन (सीधी), डिंडोरी (मण्डला) केसली (सागर), अंबिकापुर में अपनी सेवायें दी। आगे आपकी पदोन्नति जुलाई 1997 में कार्यपालन अभियंता के पद पर हुई। इस पद पर आपने बेमेतरा में सेवायें दी। इसी क्रम में नवम्बर 2001 से अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता के पद पर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव में आप सेवारत रहे।

अपनी सेवायात्रा में उत्कृष्ट कार्यशैली एवं कार्यदक्षता को सतत् प्रदर्शित करते हुये जुलाई 2007 में अधीक्षण अभियंता के पद पर आप पदोन्नत हुये एवं आपकी पदस्थापना राजनांदगांव में हुई। इस पद पर अंबिकापुर एवं रायपुर में भी आपने अपनी सफलतम सेवायें दी। आपके सफल कार्यकाल का आंकलन करते हुये पॉवर कंपनी प्रबंधन द्वारा आगे मई 2010 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता तथा सितम्बर 2013 में मुख्य अभियंता के शीर्ष पद पर आपको पदोन्नति दी गई। इन पदों पर आपकी पदस्थापना ऊर्जा सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र (ईआईटीसी) रायपुर में की गई। ऊर्जा सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी कार्यों एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में आपकी उल्लेखनीय भूमिका रही है।

अपनी सेवायात्रा के दौरान फिलीपींस एवं मनीला से ऊर्जा क्षेत्र की नवीनतम जानकारी एवं शोध कार्यों का अध्ययन एवं प्रशिक्षण का भी आपको सुअवसर प्राप्त हुआ। बैडमिंटन खेलने एवं तकनीकी पत्रिकाएं पढ़ने में आपकी विशेष रूचि है। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विद्युत विषयक कार्यों के कुशल निष्पादन में चार दशक से अधिक का वृहद अनुभव आपको है।

# पॉवर जनरेशन कंपनी के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा द्वारा पदभार ग्रहण

**छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं डायरेक्टर पद का पदभार श्री निर्मल कुमार बिजौरा ने 15 जनवरी को कंपनी मुख्यालय सेवाभवन डंगनिया में ग्रहण किया।**



पॉवर जनरेशन विषयक कार्यों के करीब चार दशक के दीर्घ अनुभवी श्री बिजौरा अब तक पॉवर जनरेशन कंपनी में कार्यपालक निदेशक (भण्डार एवं क्रय) पद पर सेवारत थे। नव पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्हें पॉवर कम्पनीज प्रबंधन सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों, श्रमिक संघ-संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी। विदित हो कि पॉवर जनरेशन कंपनी में प्रबंध निदेषक के पद पर पदस्थ श्री राजेश वर्मा द्वारा त्यागपत्र दिये जाने के उपरांत श्री एन.के. बिजौरा की नियुक्ति की गई है।

पदभार ग्रहण करने के अवसर पर श्री बिजौरा ने राज्य शासन के प्रति अपनी नियुक्ति के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ प्रबंध निदेशक के पद पर राज्य शासन द्वारा नियुक्त किया गया है उसे बनाये हुये अपने दायित्वों का निवर्हन वे निष्ठापूर्वक करेंगे।

छत्तीसगढ़ शासन की रीति-नीति के अनुरूप छत्तीसगढ़ को "पावर हब आफ इण्डिया" बनाये हुये "पॉवर फार ऑल" को साकार करने को उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा इस हेतु टीमवर्क के साथ ही "कर्म ही पूजा है" को साकार करते हुये जनरेशन कंपनी के विद्युत संयंत्रों की कार्यनिष्पत्ति को उत्कृष्ट बनाये रखेंगे।

**पूर्व के प्रबंध निदेशक**

| नाम | कार्यकाल | |
|---|---|---|
| श्री एस.पी. चतुर्वेदी | 01.01.2009 | 28.02.2011 |
| श्री व्ही.के. श्रीवास्तव | 01.03.2011 | 31.10.2011 |
| श्री जी.एस. कलसी | 01.11.2011 | 20.11.2011 |
| श्री जनार्दन कर | 21.11.2011 | 30.05.2014 |
| श्री विजय सिंह | 30.05.2014 | 08.09.2014 |
| श्री एस.बी. अग्रवाल | 08.09.2014 | 07.09.2017 |
| श्री ओ.सी. कपिला | 08.09.2017 | 03.05.2018 |
| श्री के.आर.सी. मूर्ति | 04.05.2018 | 04.12.2019 |

## एमडी जनरेशन श्री बिजौरा का जीवन परिचय

पॉवर जनरेशन कंपनी के नवनियुक्त एमडी श्री एन.के. बिजौरा का जन्म 14 नवम्बर 1958 को रायपुर में हुआ। अपनी माता स्व. गीता बिजौरा एवं पिता लखन लाल बिजौरा की प्रेरणा से आपने बी.ई. की उपाधि जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज से प्राप्त की। तदुपरांत वर्ष 1981 से मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में ग्रेजुएट ट्रेनी के पद से सेवायात्रा आरंभ कर आप पॉवर कंपनी में कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर पदस्थ हुये। कार्यपालक निदेशक के पद पर सेवारत रहते हुये ही आपकी कार्यदक्षता एवं तकनीकी योग्यता का मूल्यांकन करते हुये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्ति की गई है।

छत्तीसगढ़ की विद्युत नगरी कोरबा में स्थापित कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह सहित जल विद्युत गृहों के संचालन एवं कमीशनिंग में आपकी उल्लेखनीय भूमिका रही है। उत्कृष्ट कार्यशैली के लिये आपको दो बार पॉवर कंपनी प्रबंधन द्वारा ''मेरिटोरियस अवार्ड'' से अलंकृत किया गया। आपने ''इनहेंसमेंट आफ मैनेजमेंट स्किल'' विषय पर नेशनल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन से प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। तकनीकी कार्यों के साथ-साथ आपको फुटबाल, बैडमिन्टन, योग में भी विशेष अभिरूचि है।



# राज्योत्सव स्थल पर पॉवर कंपनी का मंडप बना रहा जनाकर्षण का केन्द्र




महात्मा गांधी के विचार "उपभोक्ता हमारे परिसर का महत्वपूर्ण अतिथि है वह हम पर नहीं, हम उस पर निर्भर है" पर केन्द्रित प्रदर्शनी का मुख्य थीम 'उत्कृष्ट उपभोक्ता सेवा' रखा गया। इसके अन्तर्गत उपभोक्ता सेवा में की गई अभूतपूर्व वृद्धि के साथ ही आरंभ की गई नई सुविधायें जैसे 'मोर बिजली एप' मिस्ड कॉल सर्विस, मोर छत-मोर बिजली, किसानों-गरीबों के हित संबंधी योजनायें, मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना का प्रभावी प्रदर्शन किया गया है। छत्तीसगढ़ इतिहास में पहली बार घरेलू उपभोक्ताओं के लिये आरंभ की गई हाफ रेट पर बिजली भुगतान की योजना को मण्डप के फेसिया पर "छत्तीसगढ़ के नवा चिन्हारी-सस्ता बिजली सब्बो दुवारी" को आकर्षक ढंग से दर्शाया गया था।

पॉवर कंपनी के मण्डप का अवलोकन कर चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला, प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद अब्दुल केसर हक, सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार की नीति के अनुरूप "गढ़बो नवा छत्तीसगढ़- बिजली बरही जम्मो घर" को साकार करने के लिये मोर बिजली ऐप का शुभारंभ किया गया है। इसके अन्तर्गत उपभोक्तागण बिना बिजली आफिस जाये आन लाईन विद्युत विषयक कार्यों का निपटारा घर बैठे ही कर सकेंगे। प्रदेश के 56 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिये आरंभ हुये यह ऐप गुगल प्ले स्टोर पर निशुल्क उपलब्ध है जिसे मोर बिजली लिखकर सर्च करके इंस्टाल किया जा सकता है।

राज्य शासन की जनहितैषी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बारी में सोलर पेनल का बेहतरीन उपयोग को भी आकर्षक मॉडल के साथ प्रदर्शित किया गया है। राज्योत्सव स्थल पर मिस्डकॉल सर्विस की भी जानकारी दी गई है जिसमें 9999511912 में मिस्ड काल करने से बिजली बंद की शिकायत स्वतः दर्ज हो जायेगी। ऐसी सुविधा देने के मामले में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी पूरे देश में पहला राज्य बन गया है।

प्रदर्शनी मण्डप में प्रदेश के 19.81 लाख एकलबत्ती कनेक्शनधारी निर्धन परिवारों को 30 यूनिट बिजली प्रतिमाह मुफ्त देने के साथ ही अधिक खपत होने पर बिजली बिल हाफ योजना को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। इस योजना हेतु राज्य शासन द्वारा 585 करोड़ की सब्सिडी देय अनुमानित है। इसी तरह कृषि विकास के लिये सिंचाई पम्पों के लाईन विस्तार हेतु प्रति पंप देय एक लाख का अनुदान, 15000 पम्पों के उर्जीकरण का लक्ष्य, फ्लेट रेट योजना का लाभ ले रहे 2 लाख 60 हजार लाभान्वित किसानों तथा किसानों को एचपी क्षमता के पंप हेतु 6 हजार यूनिट तथा 5 एचपी तक के लिये 75000 यूनिट प्रतिवर्ष दी जा रही मुफ्त बिजली को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। जिसके प्रति मेला में आये आगन्तुकों ने व्यापक अभिरूचि ली।

प्रदर्शनी स्थल में नोडल अधिकारी मुख्य अभियंता श्री आर.ए. पाठक, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता श्री एके लखेरा सहित सर्वश्री एके गौराहा, संजय जैन, पीके कोमेजवार, विनोद अग्रवाल, एफए खान, मनोज बजाज आदि प्रदर्शनी स्थल पर अपनी सेवाएं देने सतत् जुटे रहे।




**गढ़बो नवा छत्तीसगढ़**
**बिजली बरही जम्मो घर**

# इंडिया इन्टरनेशनल साईंस फेस्टिवल में चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला की भागीदारी



कोलकाता में आयोजित इंडिया इन्टरनेशनल साईंस फेस्टिवल 2019 में देश के प्रमुख वैज्ञानिकों एवं विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अग्रणी संस्थान के वक्ताओं के साथ छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज के चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने प्रतिभागियों के मध्य अपने व्याख्यान दिये। कोलकाता के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति श्री रामदास कोविंद द्वारा किया गया जिसमें वैश्विक स्तर पर विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति में भारत का योगदान पर विद्वजनों ने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन के द्वितीय सत्र में प्रारंभिक उद्बोधन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

इस अंतरराष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन में चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने पारंपरिक एवं गैर पारंपरिक ऊर्जा के क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों, भविष्य की संभावनाओं एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से ऊर्जा क्षेत्र में सुधार की आवश्यकताओं के साथ ही "कैरियर इन रिनेवेबल इनर्जी इण्डस्ट्रीज" पर प्रभावी प्रस्तुतिकरण दिया। सम्मेलन में शामिल 5 हजार से अधिक युवा वैज्ञानिक एवं विज्ञान क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भागीदारी दी। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने बीते वर्षों में बेंगलेरू और चेन्नई में आयोजित इंडिया इन्टरनेशनल साईंस फेस्टिवल में व्याख्यान दिये।

# गारे पेलमा सेक्टर-3 कोल ब्लॉक हेतु अधिग्रहित भूमि हेतु मुआवजा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कम्पनी को प्रदेश के रायगढ़ जिला के तमनार तहसील में स्थित गारे पेलमा सेक्टर-3 कोल ब्लॉक आवंटित किया गया है। इस कोयला खदान के अन्तर्गत आ रहे पांच गांवों के भूमि मालिकों द्वारा न्यायोचित मुआवजा देने की मांग लगातार राज्य शासन से की जा रही थी। ग्रामीण भूमि मालिकों सहित जनभावनाओं और प्रदेश हित में कोल परियोजना के कुशल संचालन को दृष्टिगत रखते हुये मान. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा प्रभावित भूमि मालिकों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित बाजार मूल्य से चारगुना अधिक मुआवजा राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया।

इस संबंध में पॉवर कंपनीज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा गारे पेलमा कोल परियोजना के संचालन कार्य में औद्योगिक शांति सहित ग्रामीणों की हितरक्षा को प्राथमिकता दी गई और मुख्यमंत्री जी द्वारा जनभावनाओं के अनुरूप लिये गये संवेदनशील निर्णय को ग्राह्य कर लिया गया है।

नये निर्णय के मुताबिक गारे पेलमा खनिपट्टा के परियोजना क्षेत्र में प्रभावित कुल पांच ग्राम क्रमशः खम्हरिया, करवाही, मिलूपारा, ढोलनारा एवं बजरमुड़ा के प्रभावित खातेदारों को अब प्रचलित गुणांक कारक 1 (एक) के स्थान पर प्रचलित गुणांक कारक (2) के आधार पर भूमि का मुआवजा दिया जायेगा अर्थात काश्तकारों को अब उनके जमीन के एवज् मे दोगुनी राशि के बजाय चार गुना अधिक राशि का मुआवजा दिया जायेगा।

राज्य शासन के इस प्रदेश एवं जनहितैषी निर्णय का लाभ उक्त ग्रामों के लगभग 337 प्रभावित खातेदारों को मिलेगा। गारे पेलमा सेक्टर-3 कोल ब्लॉक से कोयला उत्खनन हेतु कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ द्वारा इन ग्रामों में स्थित निजी भूमि कुल रकबा 401.342 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा अधिग्रहित भूमि के एवज् में बाजार मूल्य से अब चारगुना अधिक मुआवजा राशि देने के निर्णय से ग्रामीणजनों में हर्ष व्याप्त है।

# बिलासपुर में संविधान दिवस



बिलासपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के उद्देशिका का सामूहिक पठन किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर, अति मुख्य अभियंता एपी सिंह, अधीक्षण अभियंता पीके कश्यप, वरिष्ठ विधि अधिकारी बृजेन्द्र सिंह, कार्यपालन अभियंता सीएम बाजपेयी, पीआर साहू, सहायक प्रकाशन अधिकारी मुकेश माथुर एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ को पावर हब बनाने के लिए पावर कंपनी को मिला सम्मान



प्रदेश के विकास में योगदान देने वाली संस्थाओं को बसंल न्यूज ने एक समारोह में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजधानी के होटल वी.डब्ल्यू. केनयान में 3 दिसंबर को "19 साल का छत्तीसगढ़" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को पावर हब बनाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।

छत्तीसगढ़ पावर कंपनी के चेयरमेन श्री शैलेंद्र कुमार शुक्ला को यह सम्मान दिया गया, जिसे कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर सहायक प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने ग्रहण किया। इस सम्मान हेतु एमडी श्री अशोक कुमार ने भी बधाई दी।

उक्त समारोह में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि यह हमारे पुरखों के सपनों को साकार करने का समय है। हमारे प्रदेश में 32 प्रतिशत आदिवासी हैं। 80 प्रतिशत किसान हैं। भिलाई स्टील प्लांट की नींव रखकर प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने प्रदेश में औद्योगिक विकास की नींव रखी। इंदिरा गांधी जी ने कोरबा में पावर प्लांट लगाकर ऊर्जा के विकास की रास्ता बनाया। श्री बघेल ने कहा कि आज कोर सेक्टर के उद्योग लगाना आसान नहीं रहा। आज छत्तीसगढ़ को जितनी बिजली की जरूरत है, हमारे पास उससे कहीं ज्यादा है। हम बिजली उत्पादक प्रदेश के लिये पहचाने जाते हैं, लेकिन अब हमें बिजली खपत करने वाला प्रदेश बनना है, ताकि नान-कोर सेक्टर के जरिये हम विकास की गति को बढ़ा सकें।

उन्होंने कहा कि हमारे लिये विकास का पैमाना व्यक्ति है। सड़कें, बिल्डिंग और पुल-पुलियां जरूरी हैं, पर लोगों के शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बिना ये विकास संभव नहीं है। हमने किसानों को धान की उचित कीमत दी। लोगों के बिजली बिल हाफ किया, इससे लोगों की बचत हुई। वही बचत आज प्रदेश के बाजारों को समृद्ध बना रहा है। कार्यक्रम में विधायक डॉ. श्री विनय जायसवाल, श्रीमती ममता चंद्राकर, बंसल न्यूज के संपादक श्री शरद द्विवेदी, छत्तीसगढ़ संपादक श्री धनवेंद्र जायसवाल, शैलेष नितिन त्रिवेदी उपस्थित थे।



## स्काडा सेन्टर गुढ़ियारी में संविधान उद्देशिका का वाचन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी रायपुर क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी स्थित स्काडा/डीएमएस और एएमआर सेल प्रागंण में 26 नवम्बर को भारतीय संविधान दिवस के मौके पर संविधान उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एन बिम्बीसार, एके गोपावार एवं सहायक अभियंता श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती अंजू, श्रीमती सुरुचि कौशल, श्रीमती तृप्ति राणा, कु. सुचिता बारवा, कु. पूजा सिंह, श्रीमती तृप्ति पंडित, श्रीमती शारदा देवांगन, श्रीमती इशु नंदा, एवं सर्वश्री आशीष यदु, देवेन्द्र बडोले, प्रवीण वर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, आनंद वर्मा, सौरभ घोरे, अभिषेक सिंह, प्रमोद कुमार, संजीव घोष एवं अन्य अधिकारियों / कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भागीदारी दी।

# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कनिष्ठ अभियंताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में 07 नवम्बर 2019 को नवनियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं के तीन माह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। समापन समारोह में प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलक हक ने नवनियुक्त अभियंताओं को कार्यस्थल पर सफलतापूर्वक कार्यनिष्पादन के टिप्स दिये।

उन्होंने कहा कि हमेशा सतर्क एवं सीखने की क्षमता को जीवन पर्यन्त तक बरकरार रखना चाहिए। उन्होंने आईटी सेक्टर में नित नवीन हो रहे विकास पर सतत् निगरानी रखते हुए कंपनी हित एवं उपभोक्ता सेवा पर बल दिया। इसी क्रम में डायरेक्टर श्री नरवरे ने तकनीकी समस्याओं को दूर करने एवं उपभोक्ता सेवा संतुष्टि हेतु सुझाव दिये।

विद्युत क्षेत्रीय कौशल परिषद नई दिल्ली के को-ऑर्डिनेटर इंजीनियर श्री अरुण भटनागर ने भी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए पॉवर सेक्टर में निरंतर सुधार और उपभोक्ता सेवा को गुणवत्तापूर्ण बनाये रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अभियंता श्री एन. डब्ल्यू. हेनरी ने आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियंता श्री पी बी बंजारे द्वारा किया गया।



# 84 करोड़ की लागत से निर्मित बारसूर-जगदलपुर डीसीडीएस लाईन ऊर्जीकृत



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों की पारेषण प्रणाली को उन्नत बनाने युद्धस्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। इस दिशा में 03 दिसम्बर बारसूर-जगदलपुर लाईन को ऊर्जीकृत करने एक बड़ी कामयाबी मिली। 84 करोड़ की लागत से निर्मित 175 सर्किट किलोमीटर लंबी इस लाईन के ऊर्जीकृत हो जाने से जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय, सतत एवं सुचारू रूप से बिजली मिल सकेगी।

उल्लेखनीय है कि इस नये पारेषण लाईन के ऊर्जीकृत उपरांत प्रदेश में अतिउच्चदाब पारेषण लाईनों की लंबाई 12610 सर्किट कि.मी. हो गई है। जिसकी लंबाई राज्य गठन के समय मात्र 4845 सर्किट कि.मी. थी। यह लाईन बस्तर के दुर्गम एवं सघन वनक्षेत्रों जैसे परचनपाल, कुकेनार, धरमपुरा, तोकापाल, कोडेनार, बस्तानार, कटूनार (गीदम), मसेगांव एवं बारसूर आदि ग्रामों से गुजरने के बाद भी दिसम्बर 2016 से निर्माणाधीन उक्त पारेषण लाईन के ऊर्जीकृत होने पर पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी तथा उनकी लगन एवं निष्ठापूर्वक प्रयास को इसका श्रेय दिया।

220 केव्ही बारसूर-जगदलपुर पारेषण लाईन की स्थापना से पूर्व इस क्षेत्र की विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति 238 कि.मी. लम्बी, 220 केव्ही भिलाई-गुरुर-बारसूर पारेषण लाईनों के द्वारा की जाती थी। पूर्व में इस लाईन में व्यवधान होने के कारण बस्तर क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो जाती थी, किन्तु इस 220 केव्ही बारसूर -जगदलपुर पारेषण लाईन के ऊर्जीकरण के पश्चात अब भविष्य में आदिवासी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारू रूप से विद्युत प्रदान किया जा सकेगा एवं सम्पूर्ण बस्तर क्षेत्र में चहुमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

# पॉवर कंपनी के सीई श्री वर्मा सहित अन्य सेवानिवृत्तजनों की भावभीनी विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के डंगनिया स्थित मुख्यालय में मुख्य अभियंता (सिविल-परियोजना) श्री राजेश वर्मा सहित सर्वश्री गोपाल सिंह धीवर, श्री रामसहाय नायक, वी गौरैया एवं प्रकाश पानसे की सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई 30 नवम्बर 19 को दी गई। समारोह में पॉवर कंपनी अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने श्री वर्मा को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके सपरिवार उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में एमडी मोहम्मद केशर अब्दुल हक, श्रीमती तृप्ति सिन्हा, श्री के.आरसी मूर्ति, मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एचके पाण्डेय, रवीन्द्र पाठक ने मुख्य अभियंता श्री वर्मा का पुष्पगुच्छ से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर चेयरमेन श्री शुक्ला सहित उपस्थितजनों ने पॉवर कंपनी को अनवरत् सफलता की ओर ले जाने में योगदान देने वाले सेवानिवृतजनों की सेवाओं को बहुमूल्य निरूपित किया।

सेवानिवृत्तजनों ने अपनी सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों/ कर्मचारियों से मिले सहयोग को अपनी सफलता का श्रेय निरूपित किया। विदाई समारोह में शामिल अन्य सेवानिवृत्तजन सर्वश्री गोपाल सिंह धीवर, रामसहाय नायक, वी गौरैया और प्रकाश पानसे ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा तथा श्री गोविन्द पटेल ने किया।

---

# पॉवर कंपनी में व्यवहार कौशल पर केन्द्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अधिकारियों की क्षमता विकास के लिए व्यवहार कौशल पर केन्द्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसंबर 19 को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 50 अधिकारियों ने सक्रियता से भागीदारी दी। प्रशिक्षणार्थियों को हैदराबाद से आए प्रशिक्षकों ने व्यवहार कौशल और नेतृत्व क्षमता विकास के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण दिया। केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गुढियारी में संपन्न हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंपनी के मानव संसाधन, आईटी, वित्त, भंडार एवं क्रय, परियोजना, औद्योगिक संबंध, सिविल एवं वितरण कंपनी के क्षेत्रीय अभियंताओं ने हिस्सा लिया।

अवसर पर केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एन.डब्ल्यू. हेनरी ने बताया कि पॉवर कंपनी के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों में नेतृत्व क्षमता और प्रबंधकीय कौशल में वृद्धि करने के उदेश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) लिमिटेड के माध्यम से संपादित प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवहार कौशल पर आरईसी के मोटिवेटर एवं प्रशिक्षक डॉ महेश्वर राव, श्री आरव्ही कामेश्वर राव ने व्यक्तित्व एवं व्यवहार कौशल विकास पर प्रभावशाली व्याख्यान दिए। उन्होंने नेतृत्व क्षमता के विकास को व्यक्तिगत विकास तथा संस्थान की बेहतरी के लिए उपयोगी बताया।

प्रशिक्षण के दौरान सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक श्री आर अवस्थी ने वर्तमान परिदृश्य में ऊर्जा क्षेत्र में आ रहे बदलावों तथा जरूरतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक स्तर पर पॉवर सेक्टर की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए इसके लिए किए जा रहे उपायों को भी विस्तार से बताया। मुख्य अभियंता श्री एके तिर्की ने प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया।

### प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए टिप्स

- **टीम प्रमुख** - सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय हो
- कार्यशैली में हो सदैव पारदर्शिता
- मतभेद और मनभेद के फर्क को समझें
- प्राकृतिक - मानवीय संसाधनों की करे हिफाजत

# बड़े विद्युत संकट की घड़ी में संयंत्रों के शीघ्र पुनर्संचालन हेतु मॉकड्रिल

## पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के लोड डिस्पैच सेन्टर में हुआ ब्लैक स्टार्ट-ग्रिड रिस्टोरेशन

**आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने पर कोरबा बिजली संयंत्रों को शुरू करने महज 20 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सकेगी। ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से रिचार्ज करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। इसी प्रक्रिया का सफलतापूर्वक अभ्यास (मॉकड्रिल) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डंगनिया स्थिति लोड डिस्पैच सेंटर में 18 नवम्बर को किया गया।**



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के चेयरमैन श्री शैलेंद्र कुमार शुक्ला एवं ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में यह मॉकड्रिल पूरा हुआ। इस पूर्वाभ्यास में विकट विद्युत संकट में कोरबा के थर्मल पावर प्लांट (तापीय विद्युत संयत्र) को बांगों स्थिति जल विद्युत संयत्र से स्टार्ट-अप पॉवर भेजकर 20 मिनट में चालू करने में सफलता प्राप्त की गई।

मॉकड्रिल की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर भी कर रहे थे। इस "ब्लेक स्टार्ट-ग्रिड रिस्टोरेशन" मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) के माध्यम से यह आंकलन करने में कामयाबी मिली कि विकट विद्युत संकट की घड़ी (ब्लैक स्टार्ट) में अधिकतम 20 मिनट में कोरबा पूर्व ताप विद्युत संयत्र के पुनर्संचालन हेतु स्टार्ट अप पॉवर दिया जा सकेगा। इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के निर्देशानुसार साल में दो बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है।

### मॉकड्रिल में महत्वपूर्ण भूमिका

अंतरराज्यीय बिजली ग्रिड ठप्प होने की स्थिति में ठप्प बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने हेतु यह मॉकड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन, जनरेशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के इंजीनियरों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। इसमें डंगनिया स्थिति लोड डिस्पैच सेंटर में ईडी (कार्यपालक निदेशक) सर्वश्री केएस मनोठिया, ईडी (जनरेशन) एनके बिजौरा, एसीई जेके वैद्य, एसई आर अरविंद, श्रीमती एस सोनवानी, वाईके राव, एई जीपी सिंह, जितेंद्र झा, सुदर्शन पॉल, नामिता लकड़ा, जे गोम्स, बांगो जल विद्युत गृह से एसई जीपी सोनी, श्रीमति कल्पना घाटे, पूर्णिमा शुक्ला तथा कोरबा में एसई पीवी संजीव आदि शामिल रहे।

मॉकड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत परियोजना की एक 132 केव्ही उपकेन्द्र से जमनीपाली, छुरीखुर्द एवं कोरबा उपकेन्द्र तक एक आईलैंड सबसिस्टम बनाया गया। इसके माध्यम से बांगो बिजली संयत्र में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई। इस तरह एक बनावटी बिजली संकट जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया। इसके पश्चात् इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ किया। इसके लिए बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक तीन को सर्विस में लेकर 132 केव्ही उपकेन्द्र के बस को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को132 केव्ही लाईन छुरीखुर्द तथा जमनीपाली के माध्यम से कोरबा पूर्व के उपकेन्द्र तक पहुंचाई गई और पूर्व-निर्धारित 33/11 केव्ही विद्युत फीडर को एक के बाद एक चालू कर बांगो की जल विद्युत इकाई से करीब 20 मेगावाट लोड लिया गया। इस तरह ब्लैक आउट की स्थिति में लगभग 20 मिनट में बांगो जल विद्युत गृह से कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह को स्टार्ट अप पॉवर पहुंचाई गई।

### मॉकड्रिल की महत्ता

विदित हो कि देश के पश्चिम क्षेत्रीय ग्रिड से छत्तीसगढ़ सहित गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र इत्यादि राज्य जुड़े हुये हैं। कई राज्यों से जुड़े विशाल ग्रिड के संचालन में कभी गड़बड़ी आने की स्थिति में बिजली संयंत्रों को फिर से चालू करने में अनेक कठिन चुनौतियां होती हैं। गौरतलब है कि 2012 में 30-31 जुलाई को देश के उत्तर एवं पूर्व क्षेत्र के ग्रिड में आई ब्लैक आउट से देश के 21 राज्यों में पावर सप्लाई ठप हो गई थी। वहीं पश्चिम क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ इससे अप्रभावित रहा। इन्हीं परिस्थितियों में त्वरित बिजली सेवा बहाली के लिए मॉकड्रिल किया जाता है। ब्लैक आउट की स्थिति में विद्युत उत्पादन संयत्र काम नहीं करता तब संयंत्रों के पुनर्संचालन हेतु हायडल (जल विद्युत) या गैस पर आधारित संयंत्रों (जिनको चालू करने में कम समय लगता है) का उपयोग किया जाता है। छत्तीसगढ़ की जनरेशन कंपनी में बांगो जल विद्युत संयत्र को इस कार्य हेतु चिन्हांकित किया गया है।

# पॉवर कंपनी में सेवानिवृत्तजनों की भावभीनी विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज से 31 दिसम्बर 19 को सेवानिवृत्त हुये अधिकारियों/कर्मचारियों को कंपनी मुख्यालय डंगनिया तथा गुढ़ियारी में भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक श्री प्रभात किरण गिरदोनिया, मुख्य अभियंता द्वय सर्वश्री रविकान्त भागवत, राकेश कुमार तिवारी को पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक (पारेषण) श्री अशोक कुमार, प्रबंध निदेशक (उत्पादन) श्री राजेश वर्मा, डायरेक्टर सर्वश्री जीसी मुखर्जी, ओसी कपिला ने स्मृतिचिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके सपरिवार उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सेवानिव्त्तजनों ने पॉवर कंपनी परिवार से मिले सहयोग को अपनी सफलता का श्रेय दिया।

विदाई समारोह में सर्वश्री एनडी दीवान, रविशंकर कटकवार, रामगोपाल साहू, डीसी सोनी, रमेशधर दीवान, बाबाराव हिवरकर और दिलीप कुमार सूर्यवंशी को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल तथा सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा तथा सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री गोविन्द पटेल ने किया।







# दुर्ग में ईडी श्री अशोक कुमार की भावभीनी विदाई

दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक बनाये जाने पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक का प्रभार, राजनांदगांव रीजन के ईडी श्री संजय पटेल को दिया गया है। श्री कुमार दुर्ग क्षेत्र में 15 अक्टूबर 2018 से पदस्थ थे। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री कुमार के कार्यकाल के दौरान अर्जित उपलब्धियों एवं अविस्मरणीय पलों को याद किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के अच्छे कार्यों की प्रेरणा के साथ मैं आगे भी कार्य करता रहूंगा।

कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक राजनांदगांव क्षेत्र श्री संजय पटेल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री व्हीके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री एसआर बांधे एवं श्री व्हीआर मौर्या, कार्यपालन अभियंता श्री बीके बोरीकर, श्री एडी टंडन, श्री हेमंत ठाकुर, श्री अनिल चेल्ला, श्री आरएन वर्मा, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय कोसरिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता श्री डीके भारती एवं आभार प्रदर्शन श्री एसआर बांधे ने किया।



# प्रबंध निदेशक श्री राजेश वर्मा द्वारा राखड़ बांध एवं कन्वेयर बेल्ट सिस्टम का निरीक्षण



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंधन निदेशक श्री राजेश वर्मा ने 09 दिसंबर को कोरबा प्रवास के दौरान विभिन्न विद्युत संयंत्रों सहित राखड़ बांध कन्वेयर बेल्ट सिस्टम का निरीक्षण किया। इसी क्रम में विभिन्न अधिकारियों-कर्मचारियों संघ के प्रतिर्निधियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एमडी श्री वर्मा ने कहा कि वर्तमान बाजार में प्रतिस्पर्धा का माहौल है, कम दर पर गुणवत्ता परक उत्पादन करना बड़ी चुनौती, जिसके लिए अभियंताओं एवं अन्य कर्मियों की सजगता एवं पूरी कार्यक्षमता से कार्यों का निष्पादन आवश्यक है। उन्होंने संयंत्रों में आयल खपत में भी कमी लाने तथा पीएलएफ उच्चतम स्तर लाने का आव्हान किया।

प्रबंध निदेशक के प्रवास के दौरान प्रभारी कार्यपालक निदेशक बीडी बघेल, कार्यपालक निदेशक आरएस ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर, पंकज कोले, सुनील नायक, एचएन कोसरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सिविल) एसके लहरी, अधीक्षण यंत्री राजेश पांडेय, एमके गुप्ता, एस पार्थन, सहा. प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एसपी बारले एवं पीआर खुंटे, मुख्य सुरक्षा अधिकारी टीडी मोहरे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एचटीपीएस से कर्मचारियों की भावभीनी विदाई






कोरबा पश्चिम से अक्टूबर-नवम्बर माह में सेवानिवृत हुए अधिकारी-कर्मचारी सर्वश्री सीएस खानवलकर, तापस दत्ता, कृष्ण कुमार गौतम, दिगपाल सिंह, धरीराम राज, खेमचंद मरावी, गोपाल प्रसाद, चिंताराम ठाकुर, विजय कुमार तिवारी, जयराम प्रसाद राजवाड़े, मो. मुबीन, रामसिंह, रामनाथ साहू को पावर कंपनी की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इन्हें मुख्य अभियंता पीपी मोडक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता बीडी बघेल, सुनील नायक, पंकज कोले, संदीप श्रीवास्तव और बीआर भगत ने स्मृति चिह्न, प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट किया।

जूनियर क्लब में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अभियंता पीपी मोडक ने कहा कि सेवानिवृत्तजनों की कर्मठता से हसदेव ताप विद्युत गृह के संयंत्रों से लगातार गुणवत्तापूर्ण विद्युत उत्पादन होता रहा है। ऐसे गुणीजनों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन के लिए मंगलकामना है। कार्यक्रम का संयोजन -संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे द्वारा शब्बीर मेमन, जेपी भारिया और सुधेराम के विशेष सहयोग से किया गया।

# पॉवर कंपनी में अंतरक्षेत्रीय शतरंज-कैरम स्पर्धा संपन्न



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी मुख्यालय डंगनिया परिसर मे संपन्न अंतरक्षेत्रीय शतरंज स्पर्धा में बिलासपुर क्षेत्र विजेता एवं रायपुर सेन्ट्रल उपविजेता तथा कैरम स्पर्धा के टीम चेम्पियनशिप में कोरबा पूर्व विजेता एवं रायपुर क्षेत्र की टीम उपविजेता रही। विजयी प्रतिभागियों को पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्युत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी खेल-कला स्पर्धा में भी छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर रहे हैं। ऐसी बहुमुखी प्रतिभा के धनी कर्मियों को पॉवर कंपनी प्रबंधन सदैव प्रोत्साहित करने तत्पर रहेगा।

05 से 07 दिसम्बर तक आयोजित अंतरक्षेत्रीय शतरंज एवं कैरम स्पर्धा में प्रदेशभर की 10 क्षेत्रीय टीमों ने अपनी भागीदारी दी जिनके उत्कृष्ट खेल को सराहते हुए चैयरमेन सहित टांसमिशन कंपनी के एमडी श्री अशोक कुमार, डायरेक्टर श्री जीसी मुखर्जी, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव श्री एमएस चैहान, कार्यपालक निदेशक श्री पीके गिरदौनिया, मुख्य अभियंता श्री आरए पाठक, खेल सचिव श्री आरके बंछोर ने पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी।

शतरंज स्पर्धा में पुरुष एकल मनोज ठाकुर को विजेता एवं सुरेश कुमार वर्मा, को उपविजेता तथा महिला वर्ग में किरण जांगड़े विजेता एवं स्वाती मरावी उपविजेता रही। कैरम स्पर्धा के पुरुष एकल में विनोद राठौर विजेता एवं आरपी लोधी उपविजेता तथा महिला एकल में नमिता जैन, विजेता एवं रीना गोस्वामी उपविजेता रही। महिला डबल्स में नमिता जैन-पुष्पा ठाकुर को विजेता एवं अनिता रोही-सीमा सोनी को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# पॉवर कंपनी में संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया गया है। कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन के प्रागंण में आयोजित उक्त कार्यक्रम में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की तत्कालीन प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा द्वारा भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री केआरसी मूर्ति, कपनी के डायरेक्टर सर्वश्री जीसी मुखर्जी, श्री ओसी कपिला सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के संयोजक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एचके पाण्डेय, के निर्देशन में संपन्न कार्यक्रम में उपमहाप्रबंधक (आईआर) श्री जी खण्डेलवाल ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

# राजनांदगांव में दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव क्षेत्र में विद्युत कर्मियों के लिए गुणात्मक कार्य संस्कृति, तनाव एवं समय प्रबंधन के लक्ष्य पर केन्द्रित दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 05 एवं 06 दिसंबर 19 को किया गया। पॉवर कंपनी एवं राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड रायपुर के तत्वाधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने कहा कि तनावमुक्त जीवन एवं सकारात्मक सोच के लिए योग बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एचके देवता ने दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण में मिली जानकारी को आत्मसात करने एवं ज्ञान के प्रकाश को अपने कार्य क्षेत्र में अपने निकटस्थ कर्मियों में बांटने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रमिक शिक्षा अधिकारी श्री डीएस सहारे दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, रायपुर द्वारा सुरक्षा, सजगता, सकारात्मक सोच, मोटिवेशन तथा तनाव से मुक्ति के सुगम उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री वाय मनहर, कार्यपालन अभियंता श्री एसआर गुर्जर, स्टॉफ आफिसर श्री केके देवांगन, प्रशासनिक अधिकारी श्री नीरज कुमार, सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री डी.एस. मंडावी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई द्वारा किया गया।

# आदर्शिनी महिला मंडल की डायरेक्टरी का विमोचन एवं स्नेह मिलन समारोह





आपसी तालमेल के साथ-साथ तीज त्यौहार, संस्कार और जीवन में उमंग उल्लास को बनाये रखने के उद्देश्य से आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा समय-समय पर विविध कार्यक्रमों का सोल्लास आयोजन किया जाता है। ऐसे कार्यक्रमों के सुसंचालन हेतु यथासमय आपसी सम्पर्क बनाने के लिए आदर्शिनी महिला मंडल की नवप्रकाशित टेलीफोन डायरेक्टरी का विमोचन क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अनिता शुक्ला, उपाध्यक्ष श्रीमती रमा मूर्ति ने किया।

इसी तरह सभी सदस्यों के बीच स्नेह, सौहार्द्रपूर्ण रिश्तों को बढ़ाने के लिए विदा लेते वर्ष 2019 में "पिकनिक" "गेट टू गेदर" का आयोजन किया गया। मण्डल अध्यक्षा श्रीमती अनिता शुक्ला के ऊँ विहार स्थित फार्म हाऊस में आयोजित इस आयोजन में रंगारंग कार्यक्रमों एवं स्वादिष्ट खान-पान का लुत्फ सभी सदस्यों ने उठाया। मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धक हाऊजी एवं अन्य रोचक खेलों के निष्पादन, डायरेक्टरी प्रकाशन में आदर्शिनी महिला मण्डल की सलाहकार श्रीमती आभा शुक्ला, श्रीमती अंजली चन्द्रा, सचिव श्रीमती अनिता नाहर जैन, सहसचिव श्रीमती सविता सचदेव, श्रीमती अनिता खन्ना, कोषाध्यक्ष श्रीमती सरोजनी दुबे, श्रीमती ममता मिश्रा का विशेष मागदर्शन रहा।

क्लब के अन्य सदस्य ग्रुप लीडर श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती ममता गिरदोनिया, श्रीमती माधुरी निगम, श्रीमती दीपांजलि भालेराव, श्रीमती अनिता सिंह, श्रीमती वीणा ओक, श्रीमती शोभा सक्सेना, श्रीमती आशा वर्मा, एवं श्रीमती नीला भादे का सराहनीय सहयोग आयोजन को सफल बनाने में रहा।

# अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर की विदाई



दुर्ग में पदस्थ अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम जामुलकर की पदोन्नति मुख्य अभियंता के पद पर होने के उपरान्त रायपुर में स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार ने श्री जामुलकर को प्रतीकात्मक उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री व्ही.आर. मौर्या, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय कोसरिया एवं कार्यपालन अभियंता श्रीमती सनिली चैहान सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दुर्ग में मानव अधिकार दिवस



विश्व मानव अधिकार दिवस पर दुर्ग में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मानव अधिकारों का सम्मान एवं समर्थन करने तथा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भी किसी के मानव अधिकार का अपने विचार शब्द या कार्य से नुकसान नहीं करने की शपथ ली। शपथ समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री व्हीआर मौर्या, कार्यपालन अभियंता द्वय श्री एसएस बघेल एवं श्रीमती सनीली चैहान, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय कोसरिया सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दुर्ग में अंतरक्षेत्रीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता



दुर्ग में 11 से 13 दिसंबर को आयोजित अंतरक्षेत्रीय विद्युत कंपनी कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम को विजेता तथा राजनांदगांव को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्पर्धा में बेस्ट कैचर का अवार्ड कोरबा पश्चिम के श्री ईश्वर एवं बेस्ट रेडर का अवार्ड राजनांदगांव क्षेत्र के श्री राजेन्द्र कंवर को दिया गया। विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने कहा कि लक्ष्य कितना भी बड़ा हो, अगर लगातार सामूहिक प्रयास किया जाये तो सफलता अवश्य मिलती है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता ने टीम में एकता एवं समर्पण की भावना को महत्वपूर्ण बताया। अधीक्षण अभीयंता श्री व्हीआर मौर्या एवं श्री एसआर बांधे ने विजेताओं को बधाई दी। स्पर्धा के निर्णायक ताम्रध्वज देशमुख, गणेश ठाकुर, पीएन साहू, स्टेट रेफरी नारायण साहू, दीपक यादव, होल्कर पारकर, झम्मन देशमुख तथा केन्द्रिय पर्यवेक्षक रमेश पोर्ते का कार्यपालक निदेशक द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा एवं आभार प्रदर्शन श्री बीएस राजपूत ने किया।

# कोयला, डीजल के मूल्य वृद्धि से वीसीए चार्ज में आंशिक बढ़ोत्तरी

## 100 यूनिट तक बिजली खपत पर कोई बढ़ोत्तरी नहीं

कोयले एवं तेल की कीमत में वृद्धि का आंकलन कर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी नियमों तथा दिशा-निर्देशों के तहत बिजली उपभोक्ताओं से वेरियबल कॉस्ट एडजस्टमेंट (वीसीए) चार्ज लेने का निर्णय लिया गया है। इसके अन्तर्गत प्रथम 100 यूनिट तक खपत पर पूर्व में निर्धारित वीसीए चार्ज यथावत 17 पैसा प्रति यूनिट ही देय होगा अर्थात इस श्रेणी के उपभोक्ताओं के वीसीए चार्ज में कोई भी बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। 100 से ऊपर 200 यूनिट तक 02 पैसा तथा इससे अधिक बिजली खपत पर प्रति यूनिट मात्र 03 पैसा अतिरिक्त वीसीए चार्ज देय होगा। यह निर्णय नवम्बर- दिसम्बर 2019 के विद्युत देयकों पर लागू होगा।

कोयले और डीजल के दाम में वृद्धि से विद्युत उत्पादन से लेकर कोल परिवहन की दरें घटती-बढ़ती रहती हैं। इस आधार पर बिजली की प्रचलित दर में वीसीए चार्ज को घटाने-बढ़ाने का प्रावधान इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 62(4) के तहत् किया गया है। वीसीए के निर्धारण में राज्य शासन अथवा पॉवर कंपनी की कोई निर्णायक भूमिका नहीं रहती। वीसीए चार्ज का समायोजन देश के सभी विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा समय-समय पर किया जाना अनिवार्य होता है। इसका अनुपालन छत्तीसगढ़ में भी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में 30 जून 2012 से बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए चार्ज लेना आरंभ किया गया था।

### वीसीए चार्ज की आवश्यकता

वीसीए चार्ज को परिभाषित करते हुये उन्होंने बताया कि विद्युत उत्पादन हेतु मुख्य रूप से कोयला एवं तेल की आवश्यकता ईंधन के रूप में विद्युत गृहों में होती है। इन दोनों प्रमुख घटकों की कीमत बाजार मूल्य के अनुरूप घटती-बढ़ती रहती है, जिसका निर्धारण केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। इसी तरह विद्युत दरों का निर्धारण राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा किया जाता है। विद्युत दरों के निर्धारण के उपरांत कोयला एवं तेल की कीमत में बढ़ी अथवा घटी हुई कीमत का समायोजन हेतु वीसीए की दर की गणना मई 2012 से लेकर सितम्बर 2015 तक त्रैमासिक आधार पर की जाती रही है तत्पश्चात यह दर द्विमासिक आधार पर की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में हाफ रेट पर बिजली भुगतान की योजना जारी है जिसके अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 400 यूनिट की बिजली खपत पर आधे दर से भुगतान करना होता है। इस योजना का लाभ वीसीए चार्ज पर भी मिलेगा।

### इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 62(4) के तहत् वीसीए चार्ज लेने का प्रावधान

एक आंकलन के मुताबिक किसी भी वितरण कंपनी के कुल खर्चे का लगभग 75 से 80 प्रतिशत खर्चा पॉवर परचेस के रूप में व्यय होता है, जो कि ईंधन के रूप में क्रय मूल्य में कमी अथवा बढ़ोत्तरी के कारण अनिश्चित-अनियंत्रित रहता है। वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के पूर्व राज्य नियामक आयोग द्वारा विद्युत दर का निर्धारण कर दिया जाता है। दर निर्धारण के पश्चात् अन्य कारणों से विद्युत दर में बढ़ोत्तरी होने की स्थिति में विद्युत वितरण कंपनी पर पड़ने वाली अतिरिक्त वित्तीय भार को समायोजित करने का प्रावधान इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 62(4) में किया गया है। इस धारा के तहत् विद्युत अपीलीय प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 11 नवम्बर 2011 को जारी आदेश के तहत् राज्य नियामक आयोगों को निर्देशित किया गया कि वितरण कंपनी पर फ्यूल तथा पॉवर परचेस कॉस्ट के कारण पड़ने वाले अतिरिक्त भार को मासिक आधार पर समायोजित करने के लिये एक रेग्यूलेशन (विनियमन) जारी किया जाये। इस निर्देश के तहत् छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 30 जून 2012 से फ्यूल कॉस्ट तथा विरेयबल कॉस्ट समायोजन करने की प्रक्रिया को अधिसूचित किया गया है। जिसके तहत् मई 2012 के पश्चात् सभी उपभोक्ताओं के मासिक बिलों में फ्यूल तथा वेरियबल कॉस्ट (जिसे वीसीए के रूप में परिभाषित किया गया है) के रूप में समायोजित किया जा रहा है।

# बिलासपुर में अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न



बिलासपुर क्षेत्र में 20 से 23 नवंबर तक आयोजित अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में टीम इवेंट के विजेता कोरबा पश्चिम व उपविजेता कोरबा पूर्व की टीम रही। विजयी प्रतियोगियों को कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने पुरस्कृत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्पर्धा में शामिल 10 टीमों में से महिला सिंगल की विजेता अंबिकापुर क्षेत्र की वीरांगना भगत उपविजेता श्रीमती अनीता सिंह कोरबा पश्चिम, इसी प्रकार महिला डबल्स में विजेता टीम अंबिकापुर क्षेत्र की कुमारी वीरांगना भगत एवं कुमारी किरण जांगड़े, उपविजेता श्रीमती अनीता सिंह व गायत्री दीवान कोरबा पश्चिम रही।

एकल ओपन पुरुष वर्ग के परिणाम इस प्रकार है श्री अविनेश पाठक कोरबा पश्चिम विजेता रहे उपविजेता बिलासपुर क्षेत्र के ए लकड़ा बने। अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के वेटरन वर्ग में एकल विजेता के रूप में श्री जेएस ठाकुर रायपुर क्षेत्र और उपविजेता श्री प्रशांत नागर रायपुर क्षेत्र, डबल्स के विजेता जी एस ठाकुर रायपुर क्षेत्र एवं प्रशांत बापट रायपुर क्षेत्र उपविजेता बने। सप्तक हरीश एवं उमेश पाठक बिलासपुर क्षेत्र उपविजेता रहे।

ओपन पुरुष वर्ग में विजेता अविनेश पाठक कोरबा पश्चिम एवं उपविजेता ए लकड़ा। डबल्स ओपन पुरुष विजेता ए लकड़ा एवं लक्ष्मी पटेल बिलासपुर उपविजेता बीके साव व एम ऊके कोरबा रहे। समापन के अवसर पर कार्यपालन यंत्री अमर चौधरी, सुरेश जांगड़े, आरके कश्यप, एमके राय उपस्थित थे। आयोजन समिति के सदस्य मुकेश माथुर, सुभाष गायकवाड़, प्रदीप शर्मा, समीर तिवारी, सैयद सलीम, प्रकाश तललवार एवं क्षेत्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सफल आयोजन में सहयोग रहा।

# एबीवीटीपीएस जांजगीर में औद्योगिक संरक्षा सप्ताह का आयोजन



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में 03 से 09 दिसंबर तक औद्योगिक संरक्षा सप्ताह में जनजागरुकता के विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें नारा और निबन्ध लेखन स्पर्धा के विजेताओं को मुख्य अतिथि प्रभारी कार्यपालक निदेशक सह अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरुण वर्मा ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक हर वक्त संरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करें। हमारा लक्ष्य है कि संयंत्र में कोई दुर्घटना ही न हो। संयंत्र के सभी लोग संरक्षा को लेकर जागरुक बनें। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता रजनीष जांगड़े, राजाबाबू कोसरे एवं एसके दुबे द्वारा संबोधन दिया गया।

कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) आरएल ध्रुव द्वारा संरक्षा सप्ताह में हुए विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान हाइड्रोजन प्लांट में मॉक ड्रिल, अग्निशमन विभाग द्वारा प्रदर्शन और कैंटीन में व्याख्यान का आयोजन एवं संरक्षा पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया। समापन समारोह में संरक्षा अधिकारी विजय कुमार बर्मन द्वारा सेफ्टी क्विज का आयोजन कराया गया, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों ने उत्साह से भाग लिया।

औद्योगिक संरक्षा सप्ताह के शुभारंभ में प्रभारी कार्यपालक निदेशक अरुण वर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) आरएल ध्रुव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता अमिताभ शुक्ला एवं संरक्षा अधिकारी नरेंद्र देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता एसडी द्विवेदी, नीरज वैश्य, क्रिस्टोफर एक्का, एके सिन्हा, डॉ. आरके साहू, डॉ. आरके साहू, सुरक्षा अधिकारी डी तिर्की, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमके रायकरवार, संरक्षा अधिकारी एसआर विश्वकर्मा समेत अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शक्तितोलन स्पर्धा में बलराम वस्त्रकार रजत पदक से पुरस्कृत



अखिल भारतीय विद्युत मंडलीय शक्तितोलन एवं शरीर शौष्ठव की दो दिवसीय प्रतियोगिता पंजाब के पटियाला में आयोजित की गई। इसमें अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा, जांजगीर में पदस्थ सुरक्षा निरीक्षक एवं खिलाड़ी बलराम वस्त्रकार ने अखिल भारतीय विद्युत मंडलीय शक्तितोलन प्रतियोगिता में 66 किग्रा. भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। उन्हें प्रभारी कार्यपालक निदेशक सह अति. मुख्य अभियंता सुनील विश्वास एवं अति. मुख्य अभियंता अरुण वर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अति. मुख्य अभियंता रजनीष जांगड़े एवं टीएल देवांगन भी मौजूद रहे।

स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी की ओर से 59 किग्रा. से 120 किग्रा. भार वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बलराम वस्त्रकार ने 66 किग्रा. भार वर्ग से शक्तितोलन में हिस्सा लेते हुए बैक स्क्वॉड में 180 किलोग्राम का वजन उठाया। बेंच प्रेस में 105 किग्रा. एवं डेड लिफ्ट में 190 किग्रा. वजन उठाकर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान को प्राप्त किया। कर्नाटक के खिलाड़ी का स्कोर भी श्री वस्त्रकार के बराबर था लेकिन शारीरिक वजन के आधार पर कर्नाटक के खिलाड़ी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। श्री वस्त्रकार की सफलता पर अधीक्षण अभियंता रामजी सिंह, नीरज वैश्य, सुरक्षा अधिकारी डोमनिक तिर्की, सुरक्षा निरीक्षक एलेक्जेंडर मिंज सहित सुरक्षा विभाग के सहयोगियों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाइयां प्रेषित की हैं।

# बिलासपुर में दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण संपन्न



बिलासपुर में 11 से 12 दिसम्बर तक दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें औद्योगिक संरक्षा, कर्मियों के दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन, संस्थान के दैनंदिनी के कार्यों में गुणात्मक कार्य-संस्कृति एवं समस्या निवारण की समझ इत्यादि पर प्रशिक्षण दिया गया। समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों को अपने कार्यक्षेत्र एवं जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अति.मुख्य. अभियंता एपी सिंह, कार्यपालन अभियंता आरके कश्यप, सहायक प्रकाशन अधिकारी मुकेश माथुर, प्रशिक्षक डीएस सहारे सहित अन्य प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# डिस्ट्रीब्यूशन ऑटोमेशन विषय पर व्याख्यान





भारत सरकार की नेशनल प्रोजेक्ट एम्प्लीमेंटेशन यूनिट (एनपीआईयू) द्वारा संचालित टेक्नॉलाजी यूजेक्शन क्वालिटी इम्प्रूव्हमेंट प्रोग्राम-3 के अन्तर्गत रायपुर के शासकीय इंजीनिरिंग कालेज के विद्यार्थियों को डिस्ट्रीब्यूशन ऑटोमेशन विषय पर पॉवर कम्पनीज के अभियंताओं द्वारा व्याख्यान दिया गया। व्याख्यानमाला में मध्य भारत के सबसे बड़े स्काडा / डीएमएस कंट्रोल सेन्टर रायपुर की स्थापना और संचालन से संबंधित कार्यों / नई टेक्नालॉजी को विस्तृत रूप से पॉवर पाईट के माध्यम से समझाया गया। स्काडा सेन्टर के कार्यपालन अभियंता श्री एन बिम्बीसार एवं सहायक अभियंता श्रीमती अंजू राय द्वारा दिये गये व्याख्यानमाला में विद्यार्थियों ने गहन अभिरूचि दिखाई।

इस दौरान बताया गया कि स्मार्ट सिटी एवं लेटेस्ट टेक्नालाजी का एक अभिन्न हिस्सा डिस्ट्रीब्यूशन ऑटोमेशन है जिसका उपयोग विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिये किया जाता है। इस दौरान इंजीनियरिंग कालेज के फाईनल ईयर के विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट थीसिस वर्क, डिस्ट्रीब्यूशन ऑटोमेशन पर करने की मंशा विभागाध्यक्ष के समक्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में कालेज के विभागाध्यक्ष श्री वीएन सिंह, सुश्री देवश्री कंसारी, सहायक प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भागीदारी दी।

## मड़वा कॉलोनी में कचरा प्रबंधन हेतु कारगर पहल



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह के आवासीय कॉलोनी में कचरा प्रबंधन के लिए कारगर पहल की गई। कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर सहित श्री सुनील विश्वास, मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी, अधीक्षण अभियंता केसी अग्रवाल की मौजूदगी में डस्टबिन वितरण कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री कंवर ने उपस्थित जनसमूह को गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग-अलग वर्गीकृत कर उसका सदुपयोग करने की सलाह दी। अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील विस्वास ने स्वच्छ भारत अभियान में भागीदारी देने का आव्हान करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को स्वच्छता के प्रति जागरुक बनाना हमारा प्रथम कर्तव्य है। सहायक विधि अधिकारी रमेश ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्रबंधक (पर्यावरण ) संजय झा ने पर्यावरण में अपघटित होने वाले जैव अपघटकीय पदार्थों के बारे में विस्तार से बताया।

# जगदलपुर में अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल स्पर्धा सम्पन्न



26 से 28 नवम्बर 2019 तक जगदलपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल स्पर्धा में केन्द्रीय कार्यालय रायपुर की टीम को विजेता एवं कोरबा पूर्व को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्पर्धा के शुभारंभ अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री जेएस नेताम ने कहा कि खेल अधिकारी-कर्मचारियों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर देती है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना से अनुशासन में रह कर स्पर्धा में भाग लेने का आग्रह किया। स्पर्धा के बेस्ट लिफ्टर कोरबा पश्चिम के श्री बीके कश्यप, बेस्ट डिफेन्डर मड़वा क्षेत्र के श्री ऐश्वर्य पाठक तथा बेस्ट नेटर का पुरस्कार रायपुर केन्द्रीय कार्यालय टीम के कप्तान श्री नीरज वर्मा को मिला। स्पर्धा में छत्तीसगढ राज्य विद्युत कंपनीज के सभी 10 खेल क्षेत्रों की टीमों द्वारा भाग लिया गया।

# मड़वा के रसायन विभाग में बना नया वेदर स्टेशन




अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा स्थित रसायन विभाग में स्क्रैप मटेरियल से वेदर स्टेशन बनाया गया है। इस वेदर स्टेशन को बनाने में सामाग्री एवं पारिश्रमिक के लिए पॉवर कंपनी को किसी भी प्रकार का वित्तीय भार नहीं आया है। रसायन विभाग के मुख्य रसायनज्ञ डॉ. आरके तिवारी के मार्गदर्शन में इस वेदर स्टेशन को वरिष्ठ रसायनज्ञ केडी दीवान व पाली रसायनज्ञ नितिन श्रीवास्तव द्वारा अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ मिलकर बनाया गया है। इस वेदर स्टेशन में तापमान अधिकतम व न्यूनतम, आद्रता, दिशा, वायु बहाव दिशा और वायुमंडलीय दबाव का आंकलन किया जाता है।

वेदर स्टेशन निर्माण होने के बाद 21 सितंबर को मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरुण वर्मा के हाथों इसका उद्‌घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रसायनज्ञ डॉ. आरके तिवारी, अधीक्षण अभियंता रामजी सिंह, पाली रसायनज्ञ अर्चना पांडेय, कनिष्ठ अभियंता महेंद्र पाल घृतलहरे उपस्थित रहे।

# दुर्ग में कर्मियों की भावभीनी विदाई





दुर्ग क्षेत्र से नवंबर-दिसम्बर 2019 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों सर्वश्री एआर सिंह, बीके साव, मान सिंह, गन्नू लाल देवांगन, भोज राज ताण्डी एवं राम करण द्विवेदी, सुरेन्द्र कुमार चन्द्राकर, छगन लाल बंछोर, मनहरण लाल ध्रुव, साहेब खान, दरस राम साहू, अत्ताउल्लाह अंसारी, रूप राम साहू, कौशल प्रसाद चैबे, राधेश्याम साहू को कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने शॉल, श्रीफल एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित कर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली कर्मियों की कर्मठता बनी होती है। वे प्रतिकूल घड़ी में भी बिजली सुधारने युद्ध स्तर पर डटे रहते हैं। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता ने स्वच्छ छवि के साथ सेवानिवृत्त होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि बताया। अधीक्षण अभियंता श्री व्हीआर मौर्या ने कहा कि अनुभवीजनों के कार्यों का अनुशरण कर इनके कार्यों को आगे बढ़ाना कंपनी हित में होगा। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्रीमती सनीली चैहान ने किया।

# दुर्ग में आईटी से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यशाला



दुर्ग क्षेत्र में 26 नवंबर को आईटी से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सहायक अभियंता एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बिलिंग एवं न्यू सर्विस कनेक्शन के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए सैप सिस्टम में न्यू सर्विस कनेक्शन की संपूर्ण प्रक्रिया, बंद एवं खराब मीटर को बदलने में आने वाली समस्याओं तथा बिजली बिल के अलावा अन्य स्रोतों से प्राप्त राशि की पोस्टिंग में आने वाली समस्याओं के निराकरण के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता ने ईआईटीसी से संबंधित समस्याओं के लिए रायपुर मुख्यालय के स्थान पर पहले अपने वृत्त के ईआईटीसी इंचार्ज से संपर्क करने हेतु निर्देशित किया। कार्यशाला में अधीक्षण अभियंता श्री व्हीआर मौर्या एवं कार्यपालन अभियंता श्रीमती सनीली चैहान सहित सभी उपसंभाग के सहायक अभियंता एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित हुए।

# श्री दीनानाथ वर्मा, कल्याण अधिकारी की भावभीनी विदाई




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के मुख्य अभियंता रायपुर शहर क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए श्री दीनानाथ वर्मा, कल्याण अधिकारी, को 31 दिसम्बर 2019 को भावभीनी बिदाई दी गई। समारोह में श्री के नारनवरे, कार्यपालक निदेशक (रायपुर ग्रामीण क्षेत्र) एवं श्री आरए पाठक, मुख्य अभियंता (रायपुर शहर क्षेत्र) ने पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल तथा सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एपी सिंह, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री डीआर साहू, अधीक्षण अभियंता श्री एके गौराहा, श्री एएन दुबे, श्री एआर बुनकर, श्री एके लखेरा, कार्यपालन अभियंता श्री अशोक खण्डेलवाल, श्री एसके महादुले, अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक गोले, प्रशासनिक अधिकारी श्री बीके गुप्ता, श्रीमती तनविंदर कौर और मुख्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता श्री एसके महादुले ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री हरीष जांगड़े ने किया।

# राजनांदगांव में संविधान दिवस का आयोजन



राजनांदगांव में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संविधान उद्देशिका का वाचन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री तरुण ठाकुर, श्री आरएन याहके, कार्यपालन अभियंता श्री एके बिजौरा, स्टॉफ आफिसर श्री केके देवांगन, लेखाधिकारी श्रीमती हेमलता राव, श्री पीपी भोई, कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन के प्रांगण में उपस्थितजनों ने देश को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने, राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संविधान को अंगीकृत करने का संकल्प लिया।

# बघेरा वितरण केंद्र में सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

दुर्ग क्षेत्र के बघेरा वितरण केंद्र में विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन 22 दिसम्बर को किया गया जिसमें अति. मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री व्हीआर मौर्या, कार्यपालन अभियंता श्री एडी टंडन के द्वारा तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधित जानकारी दी। श्री गुप्ता ने तकनीकी कर्मचारियों से कहा कि जिस पोल पर कार्य करना है उस पर चढ़ने से पहले सभी लाइन डिस्चार्ज करके सर्वप्रथम एक सेफ्टी जोन बनाना चाहिये और ये सबकी आदत में शामिल होना चाहिये।



# डीएसपीएम ताप विद्युत गृह में विदाई




डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से दिसंबर 2019 में सेवानिवृत्त हुये सर्वश्री एलएस मंडलोई, हेमंत चिट्नीस, उमेश ठाकुर, गजानंद श्रीकृष्ण, जोहन तिर्की, पंच राम साहू को कार्यपालक निदेशक श्री सीएल नेताम ने सम्मानित करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर ईडी श्री नेताम ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने पूर्ण निष्ठा एवं लगन से कार्य करते हुये संयंत्र की सेवा की है। उनके कार्य अन्य कर्मियों के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम में श्री सत्येन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता, श्री एचएन कोसरिया, कारखाना प्रबंधक श्री आलोक लकरा, अति. मुख्य अभियंता (फ्यूल मैनेजमेंट) एवं श्रीमती स्नेह लता एक्का, अति. मुख्य अभियंता श्री रजनीश जैन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री आरपी टंडन एवं संचालन वरि. कल्याण अधिकारी श्री एसपी बारले ने किया।

# राजनांदगांव में विदाई समारोह





राजनांदगांव सर्किल के अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई एवं नवागत अधीक्षण अभियंता श्री तरुण ठाकुर एवं अधीक्षण अभियंता श्री वाय मनहर का स्वागत किया गया। इसी तरह एक अन्य कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्री गोविंद चंद पाणीग्रही एवं लाईन परिचारक श्रेणी एक श्री दिनेश कुमार तिवारी को सेवानिवृत्ति पर उन्हें स्मृतिचिन्ह, उपहार एवं प्रमाणपत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने विदा लेते अधिकारियों-कर्मचारियों के सुखमय जीवन की कामना की। साथ ही उनके कार्यकाल को कंपनी हित के लिए बहुमूल्य निरूपित किया। विदाई समारोह में अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर ने अपने कार्यकाल का विवरण देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री आरएन याहके, कार्यपालन अभियंता श्री व्हीआरके मुर्ति, श्री एके बिजौरा, श्री एनके ग्रुपंचायन, श्री डीपी बरुवा, सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री डीएस मंडावी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।' कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई द्वारा किया गया।

# पॉवर कम्पनी के वरिष्ठ सुरक्षा सैनिकों का पद अंलकरण



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग में पदस्थ वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक के पद पर कार्यरत श्री गजानंद साहू, रामकुमार विश्वकर्मा तथा श्री बेदराम निषाद की पदोन्नति मुख्य सुरक्षा सैनिक के पद पर हुई है। नव पदोन्नत मुख्य सुरक्षा सैनिकों का पीपिंग आउट (पदालंकरण अनावरण) कर मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल प्रदीप कुमार सिंह भदुरिया, उपमहाप्रबंधक श्री केएस भारती एवं सुरक्षा अधिकारी श्री आरके साहू ने बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सुरक्षा निरीक्षक श्री प्रभुशरण सिंह सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

# राजनांदगांव में मानव अधिकार दिवस



राजनांदगांव में विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा मानव अधिकारों को पूर्ण विश्वास एवं निष्ठा से धारण कर उन अधिकारों के सरंक्षण एव संवर्धन में अपना पूरा कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गई। समारोह में अधीक्षण अभियंता श्री तरुण ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री एसआर गुर्जर, सुश्री गीता ठाकुर, स्टॉफ आफिसर श्री केके देवांगन, लेखाधिकारी श्रीमती हेमलता राव, श्री पीपी भोई, कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई, पीआरओ डीएस मंडावी सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुर्ग में बहुउद्देशीय हॉल का शुभारंभ



दुर्ग क्षेत्र के मुख्यालय परिसर में नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता एवं अधीक्षण अभियंता श्री व्हीआर मौर्या ने किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री कुमार ने कहा कि नये हॉल में खेल एवं अन्य गतिविधियों का सुसंचालन हो सकेगा जो कि कर्मचारियों के षारीरिक एवं मानसिक विकास की दृष्टि से बहुपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री व्हीआर मौर्या, कार्यपालन अभियंता द्वय श्री एसएस बघेल एवं श्रीमती सनीली चैहान, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय कोसरिया एवं कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एबीवीटीपीएस से लीडिंग फायरमेन को भावभीनी विदाई



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा से अक्टूबर माह में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त लिए वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एसके शर्मा तथा दिसंबर माह में सेवानिवृत्त हुए लीडिंग फायरमेन घनश्याम प्रसाद भारद्वाज को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एमएस. कंवर द्वारा विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील विश्वास, रजनीश जांगड़े, टीएल देवांगन, राजाबाबू कोसरे और एसके दुबे ने सेवानिवृतजनों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। साथ ही सेवानिवृतजों के सुखमय जीवन की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यपालन अभियंता नरेंद्र देवांगन द्वारा श्री भारद्वाज का संक्षिप्त जीवन परिचय का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता (मासवि) एसएस टेकाम, कल्याण अधिकारी (प्रशिक्षु) आरएस टेकाम, अधीक्षण अभियंता नीरज वैश्य, सहायक प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत, सुरक्षा अधिकारी डी तिर्की, अग्निशमन विभाग के कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के आयोजन में रामनारायण राठौर और विजय मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

# हमारे गौरव

## अद्विका उइके

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के 500 मेगावॉट विस्तार संयंत्र में पदस्थ कार्यपालन अभियंता नरेंद्र उइके की सुपुत्री अद्विका ने कथक नृत्य में माता-पिता समेत पावर कंपनी का नाम गौरवान्वित किया है। अद्विका ने कोलकाता में आयोजित भारत संस्कृति उत्सव 12वीं ग्लोबल कंपटीशन एंड 22वां ग्लोबल फेस्टीवल आर्ट एवं कल्चर में हिस्सा लेकर क्लासिकल, सेमी क्लासिकल एवं फोक डांस के जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह आयोजन हिन्दुस्तान आर्ट्स एंड म्यूजिक सोसायटी द्वारा किया गया। गौरतलब है कि अद्विका कक्षा तीसरी की छात्रा है। इससे पहले भी वह भारत संस्कृति यात्रा के तहत दुबई में आयोजित उत्सव में कथक एकल नृत्य एवं क्लासिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। बधाई...





## कुर्यात सदा मंगलम्

### पूजा संग अमित

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी रायपुर के कार्यालय अतिरिक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन) में कार्यरत श्री रामेश्वर नागतोड़े, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक की सुपुत्री सौ.कां. पूजा का शुभ विवाह तिल्दा नेवरा निवासी श्री ओमप्रकाश जी वर्मा के सुपुत्र चि. अमित के साथ 19 नवम्बर 2019 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...




### शिखा संग राज

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी अकलतरा में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री आर.एस.पटेल की सुपुत्री सौ.कां. शिखा का शुभ विवाह चि. राज के साथ 01 दिसम्बर 19 को रायगढ़ में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...



### टिंकू संग मध्यमा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी भिलाई वर्कशाप में पदस्थ कल्याण अधिकारी टिंकू प्रसाद शर्मा का शुभ विवाह उस्लापुर (बिलासपुर) निवासी श्री आर.सी. पाण्डेय की सुपुत्री सौ.कां. मध्यमा पांडेय के साथ 22 नवंबर 19 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...





### आकाश संग नुपूर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कं. रायपुर के कार्यालय अति. महा. (मानव संसा.) में पदस्थ श्री आनंद मोखरीवाले प्रबंधक के सुपुत्र चि. आकाश का शुभ विवाह मुंबई निवासी श्री राजकुमार वाही की सुपुत्री मेजर सौ.कां. नुपुर के साथ 12 दिसम्बर 19 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...

**प्रिंटक स्कैनर** मिश्राबाड़ा, तात्यापारा, रायपुर 88899 14459

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी मर्यादित डंगनिया, रायपुर**

फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702 | website : www.cspc.co.in

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक